भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

02.02.2022 के

अतारांकित प्रश्न सं. 219 का उत्तर

सीजन टिकट प्रणाली

219. श्री प्रताप सिम्हा:
डॉ. जयसिद्धेश्वर शिवाचार्य स्वामीजी:
श्री बी.वाई. राघवेन्द्र:
डॉ. उमेश जी. जाधव:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कर्नाटक और महाराष्ट्र में कोविड-19 से पूर्व निलंबित कई ट्रेनों और स्टॉपेज को पुन: बहाल कर दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और कर्नाटक के दक्षिणी और उत्तरी भागों और महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में ऐसी ट्रेनों और स्टॉपेज का ब्यौरा क्या है जिन्हें अभी तक फिर से शुरू नहीं किया गया है;

(ग) क्या सरकार ने पाया है कि सीजन टिकट प्रणाली, जिसे कोविड-19 विनियमों के तहत बंद कर दिया गया था, को दक्षिणी और उत्तरी कर्नाटक में, विशेष रूप से मैसूर, शिमोगा, कोलार और गुलबर्ग जिलों में और महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में पूरी तरह से चालू नहीं किया गया है; और

(घ) यदि हां, तो कर्नाटक और महाराष्ट्र में सीजन टिकट प्रणाली, निलंबित ट्रेनों और स्टॉपेज को पुन: बहाल करने के लिए क्या कार्रवाई किये जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): भारतीय रेल द्वारा कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रसार को रोकने के लिए 23.03.2020 से सभी नियमित यात्री गाड़ियों को रोक दिया गया था और गाड़ी सेवाएं चरणबद्ध तरीके से संचालित की जा रही हैं। इसके अलावा, भारतीय रेल द्वारा गाड़ी सेवाएं राज्य-वार आधार पर नहीं चलाई जाती क्योंकि रेल नेटवर्क राज्यों की सीमाओं के आर-पार फैला हुआ है।

इस समय, दक्षिण पश्चिम रेलवे पर अनारक्षित सवारी डिब्बों वाली सभी सामान्य और मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों में सीजन टिकटों की अनुमति दी गई है। सीज़न टिकटों को दक्षिण रेलवे के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत मेंगलुरू जंक्शन और मेंगलुरू सेन्ट्रल स्टेशनों से अनारक्षित सवारी डिब्बों में भी अनुमत किया गया है। इसके अलावा, भारतीय रेल के विभिन्न खंडों पर सीज़न टिकटों को जारी करना अनारक्षित एकोमोडेशन की उपलब्धता, राज्य सरकारों के कोविड प्रोटोकॉल आदि पर आधारित सतत प्रक्रिया है।

****